हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025

9 छिक्कारा चौक पर सार्वजनिक शौचालय की हालत बदतर


10 बाइक सवार बुजुर्ग महिला और पुरुष खुले नाले में गिरे


## खबर संक्षेप



### डीसी ने जारी किया सरदार@150 यूनिटी का पोस्टर

**झज्जर।** वीरवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में लघु सचिवालय सभागार में "सरदार@150 यूनिटी जिला स्तरीय पदयात्रा" के आयोजन को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर "सरदार@150 यूनिटी" का पोस्टर भी जारी किया। इस बीच माय भारत केंद्र के जिला युवा अधिकारी बृजेश कौशिक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए मानक संचालन प्रक्रिया से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि झज्जर सहित देशभर में 31 अक्तूबर से आगामी 25 नवंबर तक जिला स्तरीय पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। जिनमें युवा, विद्यार्थी और नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

### 2 को निकलेगी विशाल ध्वजा व शोभायात्रा

**बहादुरगढ़।** श्याम बाबा के जन्मोत्सव पर रविवार 2 नवंबर को विशाल ध्वजा व शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रविवार सुबह साढ़े 8 बजे सतनारायण मंदिर के निकट से शुरू होकर यह यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई नजफगढ़ रोड स्थित श्री बालाजी मंदिर पहुंचेगी। जहां ध्वजा आरोहण और सामूहिक आरती के साथ समापन होगा। वहीं, किला मोहल्ला चौक स्थित श्री संकट मोचन शिव हनुमान मंदिर में आगामी रविवार 2 नवंबर को श्री श्याम जन्मोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हरदिल मिलाप सभा द्वारा आयोजित जन्मोत्सव में भक्तजन श्री श्याम के भजनों का आनंद लेंगे।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के स्थानीय प्रवर्तन परिमंडल कार्यालय में शुक्रवार को उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक झज्जर शहर, सब अर्बन सब डिवीजन झज्जर, बादली व माछरौली सब डिवीजन क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली के बिल संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी।

# चंडीगढ़ से पहुंची टीम ने बंद कमरे में शिक्षक और छात्रा से छह घंटे तक की पूछताछ

## राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की छात्रा द्वारा शिक्षक पर लगाए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के आरोपों पर जांच आगे बढ़ी

- बेटी से शोषण की 20 जून को पीएम को भेजी थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की एक छात्रा द्वारा शिक्षक पर लगाए गए शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना के आरोपों की जांच करने के लिए वीरवार को उच्चतर शिक्षा निदेशालय की टीम संस्थान परिसर में पहुंची। उन्होंने बंद कमरे में शिक्षक और छात्रा से पूछताछ की और जानकारी जुटाई। अब विभागीय टीम की जांच रिपोर्ट का इंतजार सभी को है। पूरे मामले में टीम ने मीडिया से दूरी बनाए रखी, जिसके कारण दिनभर संस्थान परिसर में तरह-तरह के कयास लगाए जाते रहे। बता दें कि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की छात्रा को एक शिक्षक द्वारा मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ित किए जाने के मामले में प्रधानमंत्री को पत्र लिखा गया था। उसके बाद विभाग हरकत में आया और चंडीगढ़ से अतिरिक्त निदेशक की अगुवाई में टीम का गठन किया गया।



झज्जर। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान का फाइल फोटो।

### जांच टीम में ये सदस्य रहे

जांच टीम में चंडीगढ़ से वाईएस बेरवाल अतिरिक्त निदेशक, रचना गुप्ता प्रिंसिपल गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक उमरी, मंजू गेरा प्रिंसिपल जीपीडब्ल्यू सिरसा, मीनू वर्मा प्रिंसिपल जीपीडब्ल्यू फरीदाबाद, किरण एचओडी एप्लाइड साइंस जीपी सोनीपत को शामिल रहे।

### अपमानित करने के आरोप

जिले के एक गांव निवासी महिला ने प्रधानमंत्री को 20 जून को लिखे पत्र में कहा था कि उसकी पुत्री राजकीय पॉलीटेक्निक झज्जर में पढ़ाई कर रही है और वहां पर एक शिक्षक जो कि कंप्यूटर लेक्चरर के पद पर कार्यरत हैं, उसकी तरफ से कुछ समय से लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी बेटी पर अशोभनीय टिप्पणियां की, अपमानित किया और कई बार उसका शोषण करने की कोशिश भी की। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी को तंग करने के लिए पुलिस को भी संस्थान में बुलाया और परीक्षा के बीच में पूछताछ करनी शुरू कर दी और मेरी बेटी पर उल्टे सीधे आरोप लगाने शुरू कर दिए। इस उत्पीड़न के कारण मेरी बेटी मानसिक तनाव में है और उसकी पढ़ाई तथा सामान्य जीवन पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। महिला ने शिकायत में कहा कि मामले की शिकायत कॉलेज प्रशासन को भी की थी। लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। प्रधानमंत्री से उसने मांग की है कि इस लेक्चरर का ट्रांसफर जल्द से जल्द किसी दूसरे स्टेशन पर कर दिया जाए ताकि किसी प्रकार की जांच में बाधा न आए और उनकी बेटी को न्याय मिल सके।

### शिक्षक ने छात्र की निर्ममता से पिटाई की, अस्पताल में उपचाराधीन



झज्जर। अस्पताल में उपचाराधीन छात्र कुनाल।

**झज्जर।** सरकारी स्कूल के छात्र की शिक्षक द्वारा पिटाई करने का मामला सामने आया है। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में उपचाराधीन छात्र ने बताया कि वह शहर के एक राजकीय माध्यमिक विद्यालय की छठी कक्षा का छात्र है। वीरवार को उसकी कक्षा का एक अन्य विद्यार्थी उससे छेड़खानी करने लगा। छात्र के अनुसार जब दोनों में हाथापाई होने लगी तो शिक्षक ने उन्हें अपने पास बुलाया। आरोप है कि शिक्षक ने दूसरे छात्र की अपेक्षा उसकी लात व घूंसों से पिटाई की। इस दौरान उसकी कमर व कमर से नीचे के हिस्से में गुम चोटें आईं। जब पीड़ित छात्र ने अपने पिता को बुलाने की बात की तो अध्यापक ने उसके बारे भी अभद्र टिप्पणी की। छात्र के पिता का कहना है कि शिक्षक ने बगैर कसूर जाने जानवरों की तरफ पिटाई की है, जो गलत है। उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी है।

## हवा की रफ्तार घटने से दिल्ली-एनसीआर में बढ़ा प्रदूषण

# बहादुरगढ़ में फिर जहरीली बनी हवा, एक्यूआई 344 पहुंचा

- दिल्ली-रोहतक रोड और सेक्टरों में एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव
- ग्रैप टू की पाबंदियां धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं होने से भी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आंशिक राहत के बाद अब एक बार फिर बहादुरगढ़ की हवा जहरीली होती जा रही है। वीरवार दोपहर 3 बजे शहर में वायु गुणवत्ता सूचकांक 344 दर्ज किया गया। यह बहुत खराब श्रेणी में आता है। प्रदूषण बढ़ने से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं हो रही हैं। वीरवार को दिनभर धुंध जैसी परत स्पष्ट रूप से देखी गई।

हवा की रफ्तार घटने और वातावरण में ठहराव आने से प्रदूषक कण नीचे जमने लगे हैं, जिससे सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। दरअसल, हवा की गति 6 से घटकर 2 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई है, जिसके कारण धूल और धुएं के कण ऊपर नहीं उठ पा रहे। इससे शहर का वायु स्तर तेजी से बिगड़ रहा है।



बहादुरगढ़। वीरवार को सड़कों पर तैनात एंटी-स्मॉग गन।

### एंटी स्मॉग गन का कर रहे प्रयोग

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नगर परिषद के सहयोग से शहर की प्रमुख सड़कों पर एंटी स्मॉग गन उतार दी हैं। ये मशीनें मुख्य रूप से दिल्ली-रोहतक रोड और सेक्टरों में चलाई जा रही हैं, ताकि धूल के कणों को नीचे बैठाया जा सके। डॉक्टरों ने बच्चों, बुजुर्गों और अस्थमा के मरीजों को घर से बाहर कम निकलने और मास्क पहनने की सलाह दी है।

### ग्रैप टू का भी असर नहीं

एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान यानी ग्रैप टू के तहत तमाम पाबंदियां लगा रखी हैं, लेकिन हालात फिर बिगड़ रहे हैं। असल में धूल और धुएं पर नियंत्रण रखने वाली पाबंदियां धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो रही। सड़कों पर धूल उड़ने पर एनएचएआई को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया था। आमजन भी कई जगह कूड़ा जलाते नजर आते हैं।

### पूर्व विधायक ने प्रदूषण पर शासन प्रशासन को घेरा



**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि प्रदूषण अब बहादुरगढ़ की सबसे बड़ी समस्या बन चुका है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को सांस लेने में तकलीफ हो रही है, लेकिन शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। विधायक और भाजपा नेताओं को आम जनता की परेशानियों से किसी को कोई सरोकार नहीं है। राजेंद्र जून ने कहा कि बहादुरगढ़ हलके की अधिकांश सड़कों की खस्ता हालत है। गड्ढों से उड़ती धूल ने पूरे शहर को प्रदूषण के आगोश में ले लिया है। सीवर जाम की समस्या ज्यों की त्यों है और पेयजल की सप्लाई का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा। लाइनपार क्षेत्र की कालोनियों में तीन दिन में एक बार पानी मिल रहा है। शहर की मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, वेस्ट जुआं ड्रेन रोड पूरी तरह जर्जर हो गया है।

### आंखों व गले में जलन

स्थानीय निवासी प्रदीप कुमार व विनोद शर्मा ने बताया कि सुबह जॉगिंग करने जाना मुश्किल हो गया है। आंखों और गले में जलन महसूस होती है। कारोबारी नरेश बंसल का कहना है कि प्रशासन को रात के समय भी सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव कराना चाहिए। विशेषज्ञों के अनुसार अगले दो दिनों में अगर हवा की रफ्तार नहीं बढ़ी तो एक्यूआई 400 के पार जा सकता है।

*सूर्या नगर में डीटीसी की पुरानी बसों को काटने का चल रहा था काम*

# स्क्रैप यार्ड में भीषण आग, आधा दर्जन से अधिक पुरानी बसें जली

- सिलेंडर के फटने की जताई आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सूर्या नगर क्षेत्र में वीरवार शाम स्थित एक स्क्रैप यार्ड में भीषण आग लग गई। आग से आधा दर्जन से अधिक पुरानी बसें जलकर खाक हो गईं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। सूर्या नगर में सत्संग भवन के पास यह घटना हुई। दिल्ली निवासी एक कारोबारी का यह यार्ड है। इसमें डीटीसी की पुरानी बसें व अन्य वाहन काटे जाते हैं। जानकारी के अनुसार, शाम करीब पांच बजे यार्ड में बसों को काटने का काम चल रहा था। इसी दौरान एक तेज धमाका हुआ और आग तेजी से फैल गई। आग लगते ही कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और वे इधर-उधर भागने लगे। कुछ ही पलों में पूरी जगह धुएं और लपटों से भर गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों ने बताया कि बसों में मौजूद रबर, प्लास्टिक, सीटें और तारों के कारण आग तेजी से फैली। किसी सिलेंडर आदि के फटने के चलते आग लगने की चर्चा है, असल पुष्टि जांच के बाद हो सकेगी। वजह जो भी हो, यार्ड मालिक को काफी नुकसान हुआ है।

यार्ड में आग से जलतीं बसें



*फेसबुक पर सस्ते मोबाइल का विज्ञापन देखकर ठगों के झांसे में आया*

# मोबाइल तो मिला नहीं एक लाख रुपये भी गंवाए

- पहले ठगों ने स्कैनर पर ढाई हजार रुपये मंगवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

फेसबुक पर सस्ते मोबाइल का विज्ञापन देखकर खरीदने की दिलचस्पी एक युवक को महंगी पड़ गई। युवक को मोबाइल तो मिला नहीं, बल्कि अपने एक लाख से अधिक रुपये भी गंवा बैठा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात प्रदुम के साथ हुई है। प्रदुम यहां नई बस्ती में दलाल डेयरी के नजदीक रहता है। उसने कुछ समय पहले फेसबुक पर एक मोबाइल का विज्ञापन देखा। विज्ञापन को देखकर प्रदुम ने दिलचस्पी दिखाई और उस पर क्लिक कर दिया। क्लिक करने के कुछ समय बाद ही उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। मैसेज में कहा गया कि यदि मोबाइल खरीदना है तो स्कैनर पर ढाई हजार भेजने होंगे। उसने पैसे भेज दिए। इसके बाद शातिर बार-बार उससे पैसे मांगते रहे और वह अपने परिचितों के खाते से उनके पास रुपये भिजवाता रहा। जब भी प्रदुम मोबाइल या पैसों का जिक्र करता तो शातिर कहते कि आपकी रकम प्रोसेस में है। जब एक लाख दो हजार 399 रुपये चले गए तो फिर वही प्रोसेस वाला जवाब आया। इसके बाद शातिरों ने कहा कि 20 हजार रुपये दो, तब आपकी सारी रकम वापस आएगी। फिर पीड़ित को ठगी का आभास हुआ लेकिन देर हो चुकी थी। साइबर थाने में केस दर्ज करवाया गया है।

# क्वालिटी टीम ने नागरिक अस्पताल में परखीं व्यवस्थाएं

- पुराने पोस्टर व फ्लैक्स उतारकर नए लगाने के दिए निर्देश

**बहादुरगढ़।** शहर के नागरिक अस्पताल में वीरवार को क्वालिटी टीम ने कई घंटे तक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चार सदस्यीय टीम ने ओपीडी, इमरजेंसी, ट्रामा सेंटर से लेकर रजिस्ट्रेशन काउंटर तक सभी सेक्शन में बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि अस्पताल में कई जगह पुराने बैनर-पोस्टर अब भी दीवारों पर चस्पा हैं। यहां तक कि कोरोना काल के समय लगाए गए पोस्टर तक नहीं हटाए गए। टीम ने निर्देश दिए कि अनावश्यक बैनर और साइनेज तुरंत हटाए जाएं तथा मरीजों की सुविधा के अनुरूप नए, स्पष्ट दिशा-सूचक बोर्ड लगाए जाएं। वहीं, ट्रामा सेंटर में स्वच्छता और उपकरणों की स्थिति की जांच की गई। टीम के निरीक्षण की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने कई कमियों को अस्थाई रूप से ठीक किया। स्ट्रेचर आदि दुरुस्त किए गए थे। बार-बार सफाई की जा रही थी।

### होटल में कर्मचारी ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** शहर के रोहतक रोड स्थित एक होटल पर कार्यरत एक हेल्पर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव होटल की छत पर सोलर पैनल से लटका मिला। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा होटल संचालकों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान मूल रूप से नेपाल के रहने वाले करीब 40 वर्षीय केशव विक पुत्र सुक बहादुर के तौर पर हुई है। जांच अधिकारी युद्धवीर ने बताया कि केशव विक पिछले करीब तीन माह से होटल की कुकिंग विंग में हेल्पर के रूप में कार्यरत था। उसकी तीन पुत्रियां है। वह कुछ दिन से परेशान था।

*पीड़ित युवक ने 1.20 लाख रुपये 10 प्रतिशत ब्याज पर लिए थे*

# फाइनेंसरों ने युवक पर डंडों और चाकू से बोला हमला

- झज्जर रोड पर 23 अक्टूबर को हुई थी वारदात, पहले कड़ा मारा और फिर डंडों से पीटकर चाकू से किया वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

झज्जर मोड़ के निकट एक युवक पर डंडों और चाकू से वार कर दिया गया। हमले में युवक को काफी चोट आई है। चार युवकों पर मारपीट व धमकी देने के आरोप है। मामला रुपये के लेनदेन से जुड़ा है। सिटी पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

वारदात संजय के साथ हुई है। महावीर पार्क के निवासी संजय का कहना है कि उसने राकेश नाम के शख्स से एक लाख 20 हजार रुपये लिए थे। इस रकम का वह दस प्रतिशत के हिसाब से ब्याज देता है। अभी कुछ दिन पहले वह झज्जर रोड स्थित एक मोबाइल की दुकान पर आया था। जैसे ही दुकान से बाहर आया तो राकेश ने रास्ता रोक लिया। सिर में कड़ा मारा। इसके बाद आरोपी के तीन और साथी आ गए। उन्होंने डंडों से मुझ पर हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपी राकेश ने मेरी हथेली पर चाकू से वार किया। जैसे तैसे मैं जान बचाकर वहां से भागा। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। गत 23 अक्टूबर को यह वारदात हुई थी। अब तबीयत में सुधार होने के बाद संजय के बयान पर केस दर्ज हो सका है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले की हकीकत सामने आ सकेगी।

**कंपनी के चालक को आया लालच**

# टैंकर चालक ने लाखों का बिटुमेन निकालकर बेचा

- टैंकर से माल निकालकर दूसरा हानिकारक तत्व मिलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एचपीसीएल बठिंडा से माल भरकर हिंदुस्तान कोलास आसौदा प्लांट के लिए आए एक टैंकर चालक ने रास्ते में गड़बड़ी कर दी। टैंकर के चालक पर लाखों रुपये का पेट्रोलियम पदार्थ बिटुमेन चोरी करके बेचने का आरोप है। फर्म की शिकायत पर आसौदा थाना पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में मथुरा निवासी फनेश दास ने कहा कि वह जयदीप पेट्रोकैम कंपनी का प्रतिनिधि है। हमारी फर्म ट्रांसपोर्ट व पेट्रोलियम प्रोडक्ट की खरीद-फरोख्त करती है। कुछ दिन पहले हमारी गाड़ी एचपीसीएल बठिंडा से बिटुमेन भरकर आसौदा स्थित हिंदुस्तान कोलास प्लांट के लिए चली। उस गाड़ी पर अलीगढ़ निवासी नरेश कुमार चालक था। नरेश ने अपने स्तर पर ही गाड़ी पर कोई हेल्पर रख रखा था, जिसकी हमारे पास कोई जानकारी नहीं है। बठिंडा से गाड़ी चली तो नरेश के मन में लालच आ गया। उसने गाड़ी से काफी मात्रा में बिटुमेन निकालकर कहीं बेच दिया। फिर चोरी किए गए बिटुमेन की मात्रा पूरी करने के लिए कुछ अन्य पदार्थ मिला दिया। इसके बाद टैंकर यहां आसौदा प्लांट पर आया। उसने हमें सूचित किया कि प्लांट पर गाड़ी खड़ी कर दी है। त्योहार के चलते घर जा रहा हूं लेकिन कई दिन के बाद भी वह नहीं लौटा। जब माल की टेस्टिंग की गई तो सैंपल फेल आया। अब उसका फोन बंद है।

### 9 लाख का नुकसान

नरेश ने बदनीयती से बड़ी मात्रा में बिटुमेन चोरी किया और तोल पूरा करने के लिए माल में कोई हानिकारक पदार्थ मिला दिया। फर्म को लगभग 9 लाख की हानि हुई है। इतना ही नहीं, कंपनी ने हमारी फर्म पर पेनल्टी लगा दी है। उधर, आसौदा पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बिटुमेन पेट्रोलियम से प्राप्त एक अत्यधिक चिपचिपा काला पदार्थ होता है। यह सड़क निर्माण और वॉटरप्रूफिंग जैसे कार्यों में एक बाइंडर के रूप में उपयोग होता है। यह प्राकृतिक रूप से या कच्चे तेल के आसवन से प्राप्त होता है।

**हरियाणा साहित्य उत्सव का दूसरा दिन**

# साहित्य उत्सव में दिखी हरियाणवी संस्कृति की झलक

- नेहरू महाविद्यालय में वक्ताओं ने हरियाणवी पहनावे और जीवनशैली से करवाया रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा आयोजित हरियाणा साहित्य उत्सव के दूसरे दिन विविध सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहिनी स्वप्निल पाटिल ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि हरियाणवी संस्कृति अपनी विशिष्ट पहचान के लिए जानी जाती है और ग्रामीण बोली की मिठास अनुपम है। हरियाणा का पारंपरिक पहनावा और जीवनशैली देखकर मन में गर्व की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास करते रहने चाहिए।



कार्यक्रम के दौरान अपनी प्रस्तुति देते हुए कलाकार

### पद्मश्री महावीर गुड्डू ने दी प्रस्तुति

मेजर जनरल सुधीर जाखड़ ने हरियाणवी समाज पर सैन्य सेवाओं के प्रभाव पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। डॉक्टर प्रताप फल्सवाल और कर्नल योगेंद्र सिंह ने 18वीं और 19वीं सदी के हरियाणा के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर चर्चा की। फिल्म निर्माता हरविंदर मलिक ने फिल्म मेकिंग और विषय वस्तु निर्माण की बारीकियों पर जानकारी दी। ललिता चौधरी ने पारंपरिक हरियाणवी परिधान रेजा की विशेषताओं से श्रोताओं को अवगत कराया। प्रसिद्ध हरियाणवी कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डू ने भी अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रैंप वॉक का आयोजन भी हुआ। वहीं सोनिया सत्यनीता ने गांव की पृष्ठभूमि से निकलकर टीवी मीडिया तक की अपनी प्रेरक संघर्ष यात्रा साझा की। वहीं नेहरू कॉलेज के जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय की विरासत और गौरवशाली इतिहास पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।



## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *

## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा,** एक पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालु कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *

---

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु

रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जू' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

---

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले



**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।

-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।

-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।

-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177

1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?



बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

---



कहानी

क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अतंरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अतंरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

---

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

---

## रंग भरो-188

रंग भरो-188 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मयंक, गुना



तमन्ना, कोरबा

ईशान, ईमेल से

हिताक्षी, महेंद्रगढ़

आस्तिका, चांपा

आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189



बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रीय एकता दिवस पर एकजुट भारत के लिए दौड़ेंगे शहरवासी

**झज्जर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम से रन फॉर यूनिटी दौड़ को प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉक्टर अरविंद कुमार शर्मा हरी झंडी दिखाते हुए रवाना करेंगे। उन्होंने बताया कि एकता दिवस पर यह दौड़ दयानंद सरस्वती स्टेडियम से सुबह साढ़े छह बजे शुरू होकर शहर के पुरानी तहसील रोड, जलघर, बीकानेर चौक,अंबेडकर चौक,पुराना बस स्टैंड होते हुए वापिस स्टेडियम में संपन्न होगी।

### सार्वजनिक शौचालय बना नशे का अड्डा, दुकानदारों व ग्राहकों को हो रही परेशानी

# छिक्कारा चौक पर बने सार्वजनिक शौचालय की हालत बदतर, नहीं हो रही साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर परिषद द्वारा आमजन की सहूलियत के लिए छिक्कारा चौक पर बनाए गए सार्वजनिक शौचालयों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। नियमित सफाई के अभाव में यहां गंदगी व बदबू का माहौल है। हालात ऐसे हैं कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों के लिए वहां से गुजरना तक मुश्किल हो गया है। दुकानदार कुलदीप मिस्त्री, अमित मामोडिया, शिव फौजी, प्रताप, सुरजीत, दीपक और सुनील ने बताया कि शौचालय की कई महीनों से सफाई नहीं हुई, जिससे शौचालय भवन के अंदर कीचड़, कूड़ा और दुर्गंध भरी पड़ी है। यहां शौच करना तो दूर, कोई व्यक्ति कुछ मिनट भी अंदर खड़ा नहीं रह सकता। दुकानदारों ने बताया कि स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि अब ये सार्वजनिक शौचालय नशे का अड्डा बन गए हैं। अंदर बिखरी शराब और कोल्डड्रिंक की खाली बोतलें इस बात की गवाही देती हैं कि यहां रात के समय यहां असामाजिक तत्व जमावड़ा रहता है। दुकानदारों ने बताया कि शौचालय के भवन में वेंटिलेशन के लिए दो रोशनदान छोड़े गए थे, लेकिन अब बाहर स्वच्छता अभियान के बैनर चस्पाए जाने के कारण वे भी बंद हो गए। इससे अंदर हवा का प्रवाह पूरी तरह रुक गया है और दम घोंटने जैसी बदबू फैली रहती है।


झज्जर। शौचालय के बाहर एकत्रित दुकानदार। फोटो :हरिभूमि

### अधिकारियों को चुनौती

*व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा अगर नगर परिषद का कोई अधिकारी पांच मिनट के लिए उस शौचालय के अंदर खड़ा रह जाए तो सभी दुकानदार मिलकर उन्हें 11 हजार का इनाम देंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सुविधा के लिए बनाए गए इस शौचालय की तुरंत सफाई कर उन्हें समस्या से निजात दिलाई जाए। इसके अलावा नगर परिषद को चाहिए कि वे निगरानी के लिए सीसीटीवी या किसी कर्मचारी की तैनाती करें जिससे नशा प्रवृत्ति वाले लोगों पर अंकुश लगाया जा सके।*

### महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी

आसपास दुकानों पर काम करने वाली महिलाओं ने बताया कि महीनों से सफाई न होने के कारण दुर्गंध और गैस जैसी स्थिति बन गई है, जिससे व्यक्ति बेहोश भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि वह सुबह नौ बजे से शाम आठ बजे तक दुकान पर रहती हैं, ऐसे में शौचालय की दुर्दशा के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मजबूरी में उसे किसी अस्पताल, होटल या अन्य संस्थान का रुख करना पड़ता है।

# बहुउद्देश्यीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी समिति ने लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बहुउद्देश्यीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी समिति द्वारा सब सेंटर पर टीम वर्क बनाने व समान कार्य-समान ट्रेनिंग आदि समस्याओं के समाधान के लिए डिप्टी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा गया। समिति की जिला प्रधान मनीषा देवी ने बताया कि विभाग द्वारा उन्हें एक पत्र भेजते हुए सभी एएनएम व एचएचवी को ट्रेनिंग के लिए बुलाया गया था जो जॉब रिस्पांसिबिलिटीज में नहीं आता। राज्यकारिणी के आदेशानुसार जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होता तब तक वे किसी भी प्रकार का ऑनलाइन कार्य नहीं करेंगे। ऑनलाइन कार्य के लिए जो संसाधन उन्हें प्रदान किए गए वे संस्था के नाम से है तथा जो कार्य जिस कर्मचारी से संबंधित है उसे ही उसका प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, सब सेंटरों पर सभी कार्य अकेले एएनएम पर थोपने की बजाय टीम वर्क बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा उनकी प्रमुख मांगों में एएनएम की पिछले वर्ष की एलटीसी दिया जाना, जिस संस्था में सीएचओ नियुक्त नहीं है वहां नजदीकी संस्था के सीएचओ की दो दिन ड्यूटी लगाना, शहरी क्षेत्र में कार्यरत पुरुष कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर सभी कार्यों में एएनएम का सहयोग करना, जहां फार्मासिस्ट नहीं है मेडिसन इंचार्ज को चार्ज दिया जाना शामिल हैं।


झज्जर। डिप्टी सीएमओ को ज्ञापन सौंपते हुए बहुउद्देश्यीय महिला स्वास्थ्य कर्मचारी समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### समाधान की मांग

कर्मचारियों ने कहा कि कार्य की अधिकता के चलते एएनएम सभी तरह के ऑनलाइन कार्य करने में सक्षम नहीं है वे अपना ऑफलाइन कार्य सुचारू रूप से कर रहीं है। उन्होंने डिप्टी सीएमओ शैलेंद्र डोगरा को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का समाधान शीघ्र करने की मांग की। इस मौके पर स्वीटी नेहरा, दयावंती, रजमीला, रिंकी, गायत्री, रेनू देवी, पिंकी, राजेश, दर्शना, निशा, सतवंती, सरोज बाला, रितु, सरिता, मंजीत सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## पुलिस लाइन में लगाई आधुनिक हथियारों की प्रदर्शनी


झज्जर। आधुनिक हथियारों की जानकारी देते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

*झज्जर। पुलिस स्मृति दिवस से लेकर राष्ट्रीय एकता दिवस तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में वीरवार को पुलिस लाइन परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हथियार प्रदर्शन एवं हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को आधुनिक हथियारों की जानकारी देना तथा उनके साथ-साथ उनके परिवारजनों के स्वास्थ्य की जांच करना रहा। पुलिसकर्मियों को विभिन्न आधुनिक हथियारों, सुरक्षा उपकरणों और उनकी तकनीकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा मानकों और हथियारों के सही उपयोग के महत्व पर विशेष बल दिया गया। इस प्रदर्शन ने पुलिसकर्मियों की पेशेवर दक्षता और तत्परता को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान दिया। इसके साथ ही आयोजित हेल्थ चेकअप कैंप में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारजनों का ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय स्वास्थ्य एवं सामान्य शारीरिक जांच की गई। चिकित्सक डीके यादव, डॉक्टर संदीप जांगड़ा और उनकी टीम ने संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और तनाव नियंत्रण के महत्व पर भी परामर्श दिया।*

## दीप चंद पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पांच स्वर्ण पदक




**झज्जर।** दीप चंद पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जूनियर विंग अंडर 11 आयु वर्ग की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीत कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी जगह बनाई है। स्कूल निदेशक जय विकास ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र लक्ष्य और युग ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसी प्रकार शतरंज प्रतियोगिता में स्वास्तिक, योग प्रतियोगिता में रिया तथा शूटिंग चैंपियनशिप में भविष्य मल्हान ने स्वर्ण पदक हासिल किया। इस उपलब्धि पर चेयरमैन युद्धवीर, प्रबंधक निदेशक हरीश, संदीप व सुमित चावला ने विजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए खेल टीम सदस्य प्रीति, शर्मिला, सुभाष और प्रदीप के प्रयासों की सराहना की।

# भाषण प्रतियोगिता में अन्नू रही प्रथम

**राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में छात्राओं के लिए हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में महिला प्रकोष्ठ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कविता पाठन, तात्कालिक भाषण तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉक्टर सुमन भट्टी, दीक्षा और डॉक्टर नवीन कुमार पूनिया शामिल रहे। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉक्टर अन्नू ने बताया कि महिला सशक्तिकरण : एक सामाजिक जिम्मेदारी विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा मीनाक्षी ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष से अंजलि ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष से अन्नू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अन्नू ने प्रथम, बीएससी द्वितीय वर्ष की मीनाक्षी ने द्वितीय और बीए द्वितीय वर्ष से रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठन में बीए तृतीय वर्ष से अन्नू ने पहला, बीएससी द्वितीय वर्ष से साक्षी ने दूसरा व मीनाक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।


झज्जर। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में भाग लेती छात्रा। फोटो :हरिभूमि

## राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित प्राचार्य का हुआ स्वागत



**झज्जर।** राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया का राजकीय महाविद्यालय दूबलधन पहुंचने पर संस्थान स्टॉफ सदस्यों द्वारा उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रोफेसर डॉक्टर रणदीप चौहान ने बताया कि उनके संस्थान के प्राचार्य डॉक्टर कर्मवीर गुलिया को महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया है जो महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्हें यह अवार्ड समाज में उत्कृष्ट कार्य करने तथा बेटी बचाओ-पढ़ाओ बेटी अभियान में उत्कृष्ट भागीदारी, महाविद्यालय में पांच एकड़ जमीन में ऑक्सीजन बाग बनाने, एनएसएस शिविरों में बढ़-चढ़कर सहभागिता, ब्लड डोनेशन कैंप, नशामुक्ति अभियान व कन्या भ्रूणहत्या रोकथाम जैसे कार्यक्रमों में बढ़ कर भागीदारी करने के लिए प्रदान किया गया है। इस मौके पर डॉक्टर राजेश, डॉक्टर आशीष, डॉक्टर सुमन, डॉक्टर रेनू, डॉक्टर अमित, डॉक्टर सरला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## बाल संरक्षण आयोग की टीम ने प्ले स्कूलों का किया निरीक्षण

**झज्जर।** वीरवार को हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य गणेश कुमार व सुमन राणा ने अधिकारियों के साथ प्ले स्कूलों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा, स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं एवं स्टाफ की योग्यता से संबंधित पहलुओं की गहन जांच की। निरीक्षण उपरांत आयोग द्वारा संवाद भवन में बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी प्ले स्कूल प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देशानुसार सभी प्ले स्कूलों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। इस बीच प्ले स्कूल एसोसिएशन की ओर से स्कूलों से संबंधित समस्याएं रखी जिस पर आयोग के सदस्यों ने संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए तथा बच्चों की सुरक्षा पर बल दिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका, जिला बाल संरक्षण अधिकारी विकास वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना, सीडीपीओ राजबाला सहित अन्य भी मौजूद रहे।


झज्जर। प्ले स्कूल का निरीक्षण करते हुए बाल संरक्षण आयोग की टीम। फोटो :हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय दुजाना में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

# स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया ने पाया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

**प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य ने पुरस्कृत किया**

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि प्रतिभा एक कौशल है जो जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए जरूरी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की संयोजिका डॉक्टर दीपा व सहयोगी डॉक्टर नरेश कुमार ने बताया कि पहले दिन के प्रतियोगिता परिणामों में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम, करिश ने द्वितीय व नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिया ने प्रथम, कर्मवीर द्वितीय व खुशी तृतीय रहे। मेंहदी प्रतियोगिता में सुषमा को पहला, कीर्ति को दूसरा व दीपांशी को तीसरा स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता में किरण पहले, नवीन दूसरे व कुसुम तीसरे स्थान पर रहे। मीडिया प्रभारी डॉक्टर सीमा कुंडू ने बताया कि दूसरे दिन की हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में आस्था ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय व करिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल नृत्य में आशिमा पहले व भारती दूसरे स्थान पर रही। अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रियांशी को प्रथम स्थान मिला। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

**न्यूज डायरी**



## श्री प्राचीन गोशाला में श्रद्धा से मनाया गोपाष्टमी पर्व

**झज्जर।** वीरवार को गोपाष्टमी पर्व जिले भर की गोशालाओं में श्रद्धा और हर्षोल्लास से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने गोमाता का पूजन किया और आरती उतारी। वहीं श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेवा.....स्तुति के साथ गऊ माता की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया। गोपाष्टमी का पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। श्रद्धालुओं ने गोमाता को वस्त्र, चुनरी अर्पित की और हरा चारा, गुड़, गेहूं, रोटी तथा खीर का भोग लगाया। जिसके कारण गोशालाओं में सुबह से ही मेले सा माहौल रहा। प्राचीन श्रीकृष्ण गोशाला के प्रधान प्रमोद बंसल एवं भक्तों ने गायों को माला पहनाकर, उनके पैर धोकर हरा चारा खिलाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पंडित गुलशन शर्मा ने कहा कि यह पर्व गायों की पूजा और गौसेवा को समर्पित है। इस दिन गाय और गोवंशों की विधिवत पूजा की जाती है और गोसेवा का विशेष महत्व होता है। हिंदू धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया है। मान्यता है कि गोपाष्टमी पर गाय की पूजा करने से 33 कोटि देवी देवताओं का आशीर्वाद मिलता है, घर में सुख-शांति और समृद्धि आती है। इस दिन गाय की पूजा करने से भगवान श्री कृष्ण प्रसन्न होता है और अपने भक्तों पर कृपा बरसाते हैं।

## वर्ल्ड कप मुक्केबाजी में हितेश करेगा भारत का प्रतिनिधित्व



**झज्जर।** जिले के प्रतिभाशाली मुक्केबाज हितेश का चयन भारतीय टीम में हुआ है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम का मुक्केबाज हितेश अब आगामी वर्ल्ड कप मुक्केबाजी प्रतियोगिता के 70 किलोग्राम भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 14 नवंबर से 21 नवंबर तक भारत में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश-विदेश के दिग्गज मुक्केबाज भाग लेंगे। स्टेडियम से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचना आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि हितेश वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक तथा ब्राजील और कजाकिस्तान में रजत पदक जीत चुक कर देश का नाम रोशन कर चुका है।

## महापुकार रैली में पहुंचने का किया आह्वान



**झज्जर।** आगामी नौ नवंबर को कुरुक्षेत्र में होने वाली महापुकार रैली की तैयारियों के संबंध में नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ हरियाणा के उप महासचिव सुनील कुमार चंडालिया ने वीरवार को स्थानीय टाउन हॉल परिसर में सफाई कर्मचारियों की बैठक ली। नगर परिषद सफाई कर्मचारी यूनियन के इकाई प्रधान शिवम चावरिया की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला संगठनकर्ता राजपाल, जिला सहसचिव सुशीला देवी व ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के कोषाध्यक्ष संदीप ने भी मुख्य रूप से शिरकत की। सुनील कुमार चंडालिया ने कर्मचारियों से कहा कि अपनी मांगों के समाधान के लिए हमें एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। इसलिए सभी कर्मचारियों को चाहिए कि वे इस महापुकार रैली में बढ़ चढ़कर भाग लें। बैठक में रैली की तैयारियों के संबंध में स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई। इस मौके पर विकास उज्जैनवाल, सुरेश, कृष्णा, गौरव, कमलेश देवी, बबली, मनीषा, विनोद, सुरेश, अमित, जितेंद्र, कुलदीप, सुशीला, सरस्वती, शीतल, रानी, दया, सविता, विद्या, सुनीता, चमन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## शिविर में सीटीएम ने सुनीं नागरिकों की शिकायतें



**झज्जर।** वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सीटीएम नमिता कुमारी ने की। उन्होंने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समाधान शिविर में बिजली, पानी, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व संबंधी मामले, पंचायत भूमि, बीपीएल व राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन तथा परिवार पहचान पत्र जैसी योजनाओं से जुड़ी आधा दर्जन से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गई। उन्होंने प्रत्येक शिकायत पर तत्परता से संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक



**झज्जर।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में शहीद हरिराम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुर्खपुर में साइबर क्राइम जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन एवं सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया संस्था द्वारा आयोजित इस शिविर की अध्यक्षता अनुज फौगाट ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में स्कूल प्राचार्य महेंद्र कुमार उपस्थित रहे। संस्था सदस्य मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के उपयोग, उसके फायदे और नुकसान बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहां मोबाइल शिक्षा, सूचना और संचार का प्रभावी साधन है, वहीं इसके अत्यधिक प्रयोग से एकाग्रता में कमी, नींद न आना, आंखों की रोशनी पर असर, मानसिक तनाव, पढ़ाई से ध्यान भटकना, समय की बर्बादी, सामाजिक दूरी बढ़ना और साइबर अपराधों का खतरा जैसे कई नकारात्मक प्रभाव देखे जा रहे हैं। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए वे मोबाइल का उपयोग सीमित समय और सही उद्देश्य के लिए करें। इस मौके पर गीता रानी, सुरेंद्र अहलावत, सुमन, शोभा रानी, रेनू, सुशीला, मंदीप सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी में धान की आवक जोरों पर

**झज्जर।** अनाजमंडी में पहुंचे धान की आवक जोर पकड़ रही है। प्राइवेट स्तर पर आढ़तियों द्वारा धान व बाजरे की खरीद की जा रही है। किसान गेट पास कटवाने के बाद मंडी में अपनी फसल डाल रहे हैं। मार्केट कमेटी सचिव रामनिवास ने बताया कि विभागीय आंकड़ों के अनुसार अभी तक बाजरे की कुल आवक 170633 क्विंटल हो चुकी है। वीरवार को भी मंडी में 1563 क्विंटल बाजरा पहुंचा। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 158993 क्विंटल बाजरा खरीदा जा चुका है। फसलों का उठान भी साथ-साथ किया जा रहा है। श्रमिकों द्वारा गाड़ियों में भरा बाजरा गोदामों तक पहुंचाया जा रहा है। इसके अलावा मंडी में अलग-अलग क्वालिटी का धान पहुंच रहा है जिनमें 1121, 1718 व 1509 किस्में शामिल हैं। आढ़तियों द्वारा बोली लगाकर प्राइवेट स्तर पर धान की खरीद की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मांगी सुरक्षा

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने और अपने आर्म्स लाइसेंस को रिन्यू करवाने की मांग की है। उनके अनुसार वे लंबे समय से भ्रष्टाचार और अवैध कॉलोनियों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। कुछ लोगों को यह बात नाग्वार गुजर रही है। जसबीर सैनी ने बताया कि उन्हें कुछ लोगों की ओर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। कुछ प्रभावशाली लोग उन्हें चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं। उनका आर्म्स लाइसेंस भी अब तक रिन्यू नहीं हुआ है। उन्हें व उनके परिवार की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। प्रशासन को चाहिए कि उन्हें आवश्यक सुरक्षा दी जाए। शीघ्र ही उनके आर्म्स लाइसेंस का नवीनीकरण किया जाए। भ्रष्टाचारी तत्वों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी रहेगा।

### अंबेडकर स्टेडियम से शुरू होगी दौड़

**बहादुरगढ़।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को लेकर एसडीएम नसीब कुमार ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में बैठक ली। उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विधायक राजेश जून और वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश कौशिक हरी झंडी दिखाकर रन रवाना करेंगे। यह दौड़ अंबेडकर स्टेडियम से आरंभ होकर बालौर रोड होते हुए लघु सचिवालय पर संपन्न होगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रतिभागियों की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, जलपान एवं चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सुनिश्चित करें। इस अवसर पर एसीपी प्रदीप खत्री सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### टांडाहेड़ी के नवजीत ने जीता गोल्ड मेडल



**बहादुरगढ़।** हाल ही में हुई धमिका काई नॉर्थ इंडिया कराटे चैंपियनशिप में टांडाहेड़ी गांव का नवजीत दलाल छाया रहा। नवजीत ने अंडर-13 आयुवर्ग के अंडर-60 केजी भारवर्ग में उत्कृष्ट खेल कौशल व प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता। संदीप दलाल का परिवार फिलहाल देव नगर में रहता है। उसका पुत्र नवजीत श्रीरामा भारती स्कूल में नौवीं कक्षा का छात्र है। इससे पहले भी कई मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन कर चुका है। उसकी जीत पर परिजन व शिक्षकों ने खुशी जताई है। प्रिंसिपल प्रिया सांगवान व अन्य शिक्षकों ने नवजीत को जीत की बधाई दी। एसोसिएशन के अध्यक्ष रजनेश चौधरी ने भी नवजीत को बधाई दी है।

### खुले नाले बने खतरा, नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास हादसा

# बाइक सवार बुजुर्ग महिला और पुरुष खुले नाले में गिरे, लोगों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

■ खुले नालों में गिरकर आए दिन लोग और पशु घायल हो रहे, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान

शहर में जगह-जगह खुले नाले हादसों का सबब बने हैं। वीरवार को नजफगढ़ रोड फ्लाईओवर के पास भी हादसा हो गया। यहां बाइक सवार बुजुर्ग व्यक्ति व महिला खुले नाले में जा गिरे। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत दौड़कर दोनों को बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार बुजुर्ग व महिला बाईपास के निकट गुजर रहे थे। फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे बना खुला नाला नजर नहीं आने के कारण दोनों उसमें गिर गए। जैसे ही राहगीरों ने देखा तो तुरंत बचाव के लिए दौड़े। गनीमत रही कि दोनों को ज्यादा चोट नहीं आई लेकिन इनके कपड़े आदि खराब हो गए।

इस घटना पर लोगों ने प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। लोगों ने कहा कि शहरभर में नालों की हालत बेहद खराब है। कई जगहों पर नाले बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं। आए दिन लोग और पशु घायल हो रहे हैं। नाले में गिरकर लोगों की जान तक जा चुकी है। मौके पर मौजूद भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि खुले नालों के कारण शहर की छवि खराब हो रही है और लोगों की जान खतरे में है। आए दिन हादसे हो रहे हैं। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। सभी नालों को ढकने व सफाई की व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए।



बहादुरगढ़ में नजफगढ़ रोड पर खुले नाले में गिरे बाइक सवारों को संभालते स्थानीय नागरिक। फोटो : हरिभूमि

### वेस्ट जुआं ड्रेन पर गड्ढे दे रहे हादसों को न्योता

**बहादुरगढ़।** वेस्ट जुआं ड्रेन रोड की हालत बेहद खराब है। यहां जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। इस वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों द्वारा लगातार इस मार्ग के सुधार की मांग उठाई जा रही है, लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा। दरअसल, कुछ वर्ष पहले ही वेस्ट जुआं ड्रेन को कवर कर यह मार्ग बनाया गया था। जब नए सिरे से ड्रेन व रोड बना तो गांव सांखोल, छिकारा कॉलोनी सहित आसपास रहने वाले लोगों को उम्मीद जगी कि उन्हें सुविधा होगी। लेकिन कुछ ही समय में यह मार्ग समस्याओं से घिर गया। छिकारा कॉलोनी के निवासी रजत का कहना है कि इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इन गड्ढों के कारण वाहन चालक हादसे का शिकार हो रहे हैं। बुधवार की रात को भी एक स्कूटी सवार गिरकर चोटिल हो गया। इसके अलावा स्ट्रीट लाइटों की स्थिति भी बेहद खराब है। काफी लाइटें बंद पड़ी हैं तो काफी खंभों पर लाइट ही नहीं है। इसके अलावा लाइटों के पोल की फाउंडेशन में भी सुधार की जरूरत है। सांखोल के निवासी यशपाल ने कहा कि इस मार्ग पर सफाई व्यवस्था भी बदहाल रहती है। कहीं नालियों का तो कहीं सीवर का गंदा पानी भर जाता है। स्पीड ब्रेकरों के अभाव के कारण वाहन तेज गति में दौड़ते हैं, जिस कारण आबादी वाले क्षेत्र में आए दिन हादसे हो रहे हैं। प्रशासन को इस तरफ ध्यान देना चाहिए। यहां सफाई, सुरक्षा और रोशनी के बंदोबस्त दुरुस्त करने की बेहद दरकार है। यदि इन समस्याओं का समाधान होता है तो यहां यातायात सुचारू, सुरक्षित और बेहतर होगा।



# सब्जी विक्रेताओं ने पीएम-सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा, अवैध फुटकर बिक्री रुकवाने की मांग

■ पंप ऑपरेटर बदलवाने व कूड़े का स्थान बदलवाने की भी मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की सब्जी मंडी में अवैध सब्जी विक्रेताओं को हटाने समेत अन्य समस्याओं के समाधान के लिए वीरवार को एक बार फिर पंजीकृत विक्रेताओं ने एसडीएम के माध्यम से पीएम व सीएम को ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन के माध्यम से सब्जी मंडी में हो रही अवैध फुटकर बिक्री रुकवाने, सब्जी मंडी में निर्धारित कूड़े के ढेर को स्थानांतरित करवाने तथा बरसाती पानी निकासी के लिए नियुक्त ऑपरेटर को बदलवाने की मांग की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपते हुए प्रधान प्रदीप दलाल और प्रधान बलवान लोहचब ने एसडीएम नसीब कुमार को बताया कि सब्जी मंडी में 210 रजिस्टर्ड फुटकर सब्जी विक्रेता सरकार द्वारा तय मासिक किराया भरकर सब्जी बेचकर अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। लेकिन कोरोना काल के बाद से सब्जी मंडी परिसर में अवैध फुटकर बिक्री बढ़ने से उनका काम बिल्कुल ठप हो गया है। उनकी भूखे मरने की नौबत आ चुकी है।

कई बार शिकायत के बावजूद इस समस्या पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अभी सब्जी मंडी परिसर में करीब 200 अवैध दुकानें लगती हैं। अवैध सब्जी विक्रेताओं ने मंडी के आगे के हिस्से में बने किसान शेड पर कब्जा कर रखा है। कायदे से किसान शेड में सब्जी की फुटकर बिक्री नहीं की जा सकती। इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जाए। पिछले दिनों हड़ताल के बाद आढ़ती, फुटकर विक्रेता और मार्केट कमेटी के अधिकारियों में सहमति बन गई थी। लेकिन उसका पालन भी नहीं हुआ।

**ऑपरेटर पर दुर्व्यवहार के आरोप** : फुटकर विक्रेता शेड में बरसाती पानी निकासी के लिए दो मोटर लगी हैं, लेकिन इनका ऑपरेटर समय पर नहीं आता और दुर्व्यवहार करता है। फुटकर विक्रेता शेड के बिल्कुल साथ लगते कूड़े के ढेर से सारा दिन दुर्गंध आती रहती है, जिस कारण विक्रेताओं के साथ ही उपभोक्ता भी परेशान होते हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिले सिंह सैनी, प्रकाश कश्यप, विनोद यादव, जयप्रकाश, नरेश जून, विजय, संतोष, सुरेंद्र, जीत, बिजेंद्र, डिंपी, नवल व नरेश स्वामी आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पंजीकृत सब्जी विक्रेता।

# गलत फैमिली आईडी की मिलीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी ने एसडीएम नसीब कुमार के साथ विभिन्न विभागों से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। यहां पहुंचे लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं। लाइनपार स्थित फोर्टेशिया कॉलोनी के लोगों ने पानी और सीवर की समस्या रखी। एसडीएम नसीब कुमार ने जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता को कॉलोनी की समस्या का स्थाई समाधान शीघ्र करने के निर्देश दिए। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं भी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचीं। सबसे अधिक शिकायतें फैमिली आईडी में आय अधिक दर्ज होने से जुड़ी रहीं। महिलाओं ने बताया कि गलत आय दर्ज होने के कारण वे सरकार की लाडो लक्ष्मी जैसी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रही हैं। चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि फैमिली आईडी में दर्ज वास्तविक आय की जांच कर सुधार किया जाए ताकि पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ मिल सके। शिविर में कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया।



# जीवों को बचाने के लिए मांडोठी बाजार में हाइटेंशन लाइन पर चढ़ाया कवर

■ बंदरों की लगातार हो रही मौतों पर बिजली निगम ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हाइटेंशन लाइन के कारण बंदरों की लगातार हो रही मौतों पर बिजली निगम ने संज्ञान लिया है। मामले में कार्रवाई करते हुए निगम की ओर से वीरवार को मांडोठी बाजार में हाइटेंशन लाइन के उन हिस्सों को कवर कर दिया, जहां लगातार हादसों में बंदरों की जान जा रही थी। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई है कि अब यहां हाइटेंशन लाइन के कारण किसी जीव की मौत नहीं होगी।

मांडोठी बाजार से बिजली की हाइटेंशन लाइन गुजर रही है। यह लाइन दोनों तरफ लगे पोल पर टिके लोहे के एंगल पर लटकी है। अक्सर बंदर एक से दूसरी छोर जाने के लिए इन लोहे के एंगलों पर चढ़ जाते हैं और हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर अकाल मृत्यु का ग्रास बन जाते हैं। बुधवार को यहां सुबह एक बंदर की मौत हुई तो रात को बंदर के बच्चे की मौत हो गई। बुधवार को नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने बिजली निगम के अधिकारियों के साथ मौके का दौरा किया था। उन्होंने इसके समाधान की मांग अधिकारियों से की।



बहादुरगढ़। हाइटेंशन लाइन पर चढ़ाई गई स्लीव। फोटो : हरिभूमि

### जेई प्रवीण ने मौके का लिया था जायजा

*मौके पर जेई प्रवीण कुमार ने पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्होंने वीरवार को टीम भेजी और काम शुरू कराया। बिजली कर्मियों ने हाइटेंशन लाइन के उन हिस्सों पर स्लीव चढ़ा दी, जहां लगातार हादसे हो रहे थे। करंट के कारण अब तक असंख्य बंदर मर चुके हैं। मामले में संज्ञान लिए जाने पर वे जनप्रतिनिधि रमेश राठी और निगम अधिकारियों का आभार जताते हैं।*

# छारा में व्याख्यान व नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा के राजकीय महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग द्वारा यूको बैंक के सहयोग से सेमिनार का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल की देखरेख में सतर्कता जागरुकता सप्ताह के उपलक्ष्य में यह सेमिनार आयोजित किया गया। इसके अलावा एंटी ड्रग्स कमेटी ने स्टूडेंट्स में ड्रग्स के दुष्प्रभावों की अवेयरनेस के लिए नुक्कड़ नाटक आयोजन किया। मन्नत और विद्या ने परिजनों, दोस्तों और परिचितों को भी जागरुक करने का आह्वान किया।

प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल के अनुसार शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता की आवश्यकता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है। भ्रष्टाचार के नकारात्मक प्रभावों के बारे में जागरुकता बढ़ाने के साथ इससे सार्वजनिक जीवन में अखंडता, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा मिलता है। यूको बैंक मैनेजर सचिन दहिया और मुदित ने बढ़ते साइबर अपराधों और बैंकिंग कार्यों के बारे में छात्रों की शंकाओं को दूर किया। रिपोर्ट करने के लिए पीड़ित नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल जैसे नेशनल पोर्टल का इस्तेमाल कर सकते हैं या लोकल पुलिस और बैंकों से संपर्क कर सकते हैं।



बहादुरगढ़। व्याख्यान में साइबर टिप्स प्राप्त करते छारा कॉलेज के विद्यार्थी।

## सार संक्षेप

### नशे का सेवन नहीं करने की शपथ ली



**बहादुरगढ़।** शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्याल के नशा मुक्ति क्लब ने वीरवार को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलवाई। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने की शपथ दिलवाई। उनके अनुसार युवा वर्ग नशे की चपेट में आकर अपना भविष्य चौपट कर रहा है। नशे से ग्रस्त लोगों को नशा मुक्ति केंद्र तक जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शालू शर्मा ने हमें एकजुट होकर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लेना चाहिए। नशे की लत एक बीमारी है, इससे दूर रहना ही समझदारी है।

### रेखाचित्र से सरदार पटेल को किया याद




**झज्जर।** क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस की पूर्व संध्या पर सरदार वल्लभ भाई पटेल का विशाल रेखाचित्र बनाया। इस रेखाचित्र का शीर्षक देश की अखंडता की रक्षा करेंगे,हम एक थे,हम एक हैं, हम एक रहेंगे। मुकेश शर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ था। सरदार पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा आजाद भारत के पहले गृहमंत्री थे। स्वतंत्रता की लड़ाई में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। जिसके कारण उन्हें भारत का लौह पुरुष भी कहा जाता है।

### ड्राइंग में प्रियांशी और रियांश ने बाजी मारी



**बहादुरगढ़।** त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को मास्टर स्ट्रोक ऑल इंडिया ड्राइंग कंपीटिशन करवाया गया। तीन समूहों में विभाजित प्रतियोगिता में विजेता रहे बच्चों को पुरस्कृत किया गया। समूह-1 से पहली कक्षा की प्रियांशी यादव व तीसरी के रियांश ने जीत हासिल की। समूह-2 में चौथी कक्षा की हर्षिता मिश्रा, दक्ष काजला, आरव और 5वीं की आरोही ने जीत प्राप्त की। समूह-3 से आठवीं की पारूल, नौवीं की इशिता और छठी दिव्यांशी ने जीत का प्रचम फहराया। पुरस्कार वितरण के बाद स्कूल निदेशिका संगीता वर्मा ने सभी बच्चों को भविष्य में ऐसी प्रतियोगिताओं भाग लेने और जीतने के लिए प्रेरित किया।

### जसोरखेड़ी में एनएसएस शिविर आज से



**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय जसोरखेड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का अयोजन किया जाएगा। यह शिविर 31 अक्टूबर से शुरू होगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं में समाज सेवा की भावना, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य. डॉ. संदीप द्वारा किया जाएगा। शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति,

### नेहरू पार्क के पास स्पीड ब्रेकर बना



*बहादुरगढ़। महावीर पार्क स्थित आकाश अपार्टमेंट व नेहरू पार्क के बीच सड़क कट के दोनों तरफ लोक निर्माण विभाग द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाए जाने पर स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। इसके लिए सड़क सुरक्षा समिति के चेयरमैन जिला उपायुक्त स्वप्निल रवींद्र पाटिल तथा लोकनिर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल रोहिल्ला का आभार जताया है। दरअसल, 18 सितंबर 2025 को चेयरमैन सड़क सुरक्षा व पीडब्ल्यूडी विभाग को भेजे गए पत्र पर कार्रवाई करते हुए यह काम पूरा किया गया है। दोनों कॉलोनियों के बीच सड़क पर लंबे समय से स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग उठा रही थी। प्रतिदिन हजारों पैदल नागरिकों का आवागमन होता है। यहां कई विद्यालय व एक प्रमुख गुरुद्वारा स्थित है, जिसके चलते इस कट पर आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थीं। स्पीड ब्रेकर बनने से स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिली है। हरदीप सिंह, जोगेश सिन्हा, शिवशंकर मिश्रा, नरेश कुमार, कृष्ण, नरेंद्र कुमार, सुनीता, ऊषा कुशल व दिव्या ने समाजसेवी सतपाल हाडा का भी विशेष आभार जताया, जिन्होंने विभाग से लगातार पत्राचार कर इस कार्य को संभव बनाया।*

# सीएम फ्लाइंग टीम ने जहाजगढ़ में खाद-बीज की दुकान पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीएम फ्लाइंग टीम द्वारा वीरवार को क्षेत्र के गांव जहाजगढ़ स्थित बीज एवं खाद की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कृष्ण बीज भंडार पर अनियमितताएं पाई गईं। टीम में सीएम फ्लाइंग से दो अधिकारी, कृषि विभाग से तीन अधिकारी तथा गुप्तचार विभाग के अधिकारी शामिल रहे। विभागीय जानकारी के अनुसार टीम द्वारा जब संबंधित खाद एवं बीज केंद्र के स्टॉक व रिकॉर्ड का मिलान किया तो यूरिया के 2196 बैग पूरे पाए गए, लेकिन डीएपी बैग के स्टॉक में मशीन में 217 कट्टे शेष दिखाए गए जबकि स्टॉक में 170 कट्टे अधिक मिले। इसी प्रकार एएसपी खाद के 19 कट्टे, टीएसपी के तीन बैग कम मिले। इसके अलावा एमओटी के भी 11 कट्टे कम मिले। अनियमितताओं के संबंध में टीम अधिकारियों द्वारा दुकान संचालक विनोद को नोटिस दिया। अधिकारियों का कहना है कि संचालक को दिए गए नोटिस का जवाब आने के बाद नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### ब्रह्माकुमारीज का तीन दिवसीय गीता अनुभूति शिविर शुरू

# गीता में जीवन की हर समस्या का समाधान : बीके वीना

**गीता के 18 अध्याय के 700 श्लोकों का गहराई से अध्ययन कर पूरे देश में किया प्रचार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर में सेक्टर-6 स्थित कम्युनिटी सेंटर में ब्रह्माकुमारियों के 3 दिवसीय गीता अनुभूति शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। कर्नाटक के सिरसी जिले से आई राजयोगिनी बीके वीना दीदी ने श्रीमद्भागवत गीता का यथार्थ स्वरूप स्पष्ट किया।

बीके वीना दीदी पिछले 48 वर्षों से ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित रूप से सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने गीता के 18 अध्याय के 700 श्लोकों को गहराई से अध्ययन कर पूरे भारत देश में अपने वक्तव्य द्वारा लोगों को लाभान्वित किया है। वीरवार को पहले दिन उन्होंने कहा कि गीता शास्त्र एक बहुत सुंदर डिक्शनरी है, जिसमें जीवन की हर समस्याओं का समाधान है। परंतु आज मनुष्य ने गीता को केवल पढ़ा, लेकिन समझा नहीं। गीता शास्त्र धर्म से नहीं प्रत्येक मानव से जुड़ा है। गीता की धारणाओं द्वारा ही सभी विद्वानों ने समाधान बताए हैं।

यदि जीवन में हमें सफल होना है तो जीवन में समदर्शी, सत्यदर्शी, दूरदर्शी, पारदर्शी, प्रियदर्शी सोच धारण करनी होगी। कार्यक्रम में चेयरपर्सन सरोज राठी, श्रीनिवास गुप्ता, राजपाल शर्मा, पवन जैन, प्रेम बंसल, जय भगवान, विनय गोयल, डॉ संजय सिंह, राजबीर बंसल, प्रधान राजबीर दलाल, राजकुमार जून, एनएस कपूर, सरपंच रोहताश सैनी, अशोक मोंगा, हरकिशन गुप्ता, कुलवंत शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर श्रीमद्भागवत गीता शिविर का शुभारंभ किया। बीके अंजलि दीदी, बीके विनीता दीदी और बीके अमृता दीदी ने कहा कि गीता में भगवान द्वारा सिखाया राजयोग सीखकर हम जीवन की समस्याओं का निवारण कर सकते हैं।

बीके रेणु दीदी ने सभी को मेडिटेशन कराकर परमात्म की अनुभूति कराई। संस्था से पिछले 30 वर्षों से जुड़े बीके सुरेंद्र गोयल ने सभी का धन्यवाद किया।



बहादुरगढ़। शिविर का शुभारंभ करतीं ब्रह्मकुमारियां व शहर के गणमान्य लोग।

### कर्मचारियों ने रैली की तैयारियों पर किया मंथन

**बहादुरगढ़।** आगामी 9 नवंबर को प्रस्तावित महापुकार रैली को लेकर वीरवार को राव तुलाराम पार्क में कर्मचारियों की बैठक हुई। नगर पालिका कर्मचारी संघ के इकाई प्रधान राजेश बालगुहेर की अगुवाई में आयोजित बैठक में रैली की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक में मंच का संचालन सचिव अमित परनाला ने किया। राज्य डिप्टी सेक्रेट्री सुनील चंडालिया, राज्य सह सचिव सुशीला, राज्य संगठनकर्ता राजपाल, जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़, उपप्रधान अजय, कैशियर मुकेश दरोगा, जिला ऑडिटर संदीप टांक, वरिष्ठ उप प्रधान लीलाराम, सहसचिव होशियार सिंह, इकाई ऑडिटर सुनील परनाला, जय भगवान, उषा उपस्थित रहे।